卐 श्री सदगुरू देवाय नम:卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 183 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦ 13 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पंचम नवरात्र



नवरात्र के पांचवे दिन मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है।

# बार बार नहीं चलेगी मोदी सरकार: प्रियंका

## रामनगर में चुनावी जनसभा में मोदी सरकार के खिलाफ गरजी प्रियंका गांधी

रामनगर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के पीरुमदारा रामनगर में कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला।उन्होंने मोदी सरकार के खिलाफ गरजते हुए कहा बार बार नहीं चलेगी मोदी सरकार। इस बार जनता की सरकार बननी चाहिए। प्रियंका गांधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामनगर के साथ मेरा खास रिश्ता है। यहां बहुत छुट्टियां बितायी हैं। जब मौका मिलता था यहां बच्चों को लेकर घूमने आ जाती थी। जनता का आहवान करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पांच साल में एक मौका मिलता है जब वोट से आप अपना भविष्य बदल सकते हो। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आकर पीएम मोदी फिर वही बात कह रहे हैं जो पांच साल पहले यहां आकर कर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी कह रहे हैं कि बार बार मोदी सरकार। और कितने साल भुगतेंगे ऐसी सरकार को। प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तराखण्ड का नौजवान देश की सेवा के लिए सीमा पर शहीद हो जाता है। भाजपा नहीं समझ सकती शहादत का दर्द। हमने शहादत को सहा है, देखा है, हमने त्याग किया है। ये कितनी भी गालियां दें हमारे परिवार को। ये कभी हमारे परिवार के त्याग को नहीं समझ सकते। हम सब सहते हैं क्योंकि हमारे अंदर देश के लिए सच्ची श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक होने के लिए सबसे पहले त्याग होना चाहिए। हमारी श्रद्धा नाम के लिए नहीं है चुनावी भाषणो के लिए नहीं है, राजनीति के प्रयोग के लिए नहीं है अपनी सत्ता के प्रयोग के लिए नहीं है, बल्कि देश के लिए है। प्रियंका गांधी ने कहा नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषणों में (शेष पृष्ठ सात पर)





# बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों को पैसा देने वाले षड्यंत्रकारी समेत दो गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कार सेवा बाबा तरसेम की हत्या में षड्यंत्र में शामिल दो और लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी डाक्टर मंजूनाथ टीसी ने प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि तराई क्षेत्र में गुरुद्वारे के वर्चस्व को लेकर 28 मार्च को बाबा तरसेम सिंह की बाईक सवार दो लोगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा तरसेम सिंह की हत्या से क्षेत्र में हड़कंपम मच गया था। एसएसपी ने बताया कि षड्यंत्र में शामिल सतनाम सिंह पुत्र जगीर सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)



# कांग्रेस समस्या ,भाजपा समाधान:योगी

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हल्द्वानी में की चुनावी जनसभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां एमबी इंटर कालेज मैदान में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में आयोजित विशाल चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समस्या तो कांग्रेस है जिसने देश को आतंकवाद, भ्रष्टाचार, नक्सलवाद और न जाने कितनी समस्याएं दी। भाजपा को तो समाधान करना आता है। श्री योगी ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड का मुख्यमंत्री बनते ही उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की समस्याओं के बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि आप समय निकालकर यहां आ जाओ। धामी मेरे पास आये और उत्तराखण्ड व यूपी के बीच चलाई जा रही समस्याओं का समाधान किया। श्री योगी ने कहा कि आज बैसाखी के साथ ही खालसा स्थापना दिवस भी है उन्होंने इस पर्व के लिए सिख समाज के समस्त लोगों को बधाई देते हुए कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सिख पंथ (शेष पृष्ठ 7 पर)





# ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर चालक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के गुलजारपुर इलाके में आज सुबह अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर खड्डे में चली गई। संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रैक्टर चालक नीचे गिरकर बुरी तरह कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की घटते ही मौके पर मजदूरों का मजमा लग गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। खनन क्षेत्र में घटी घटना को लेकर इलाके में मरघट सन्नाटा छाया है। जानकारी के मुताबिक भीम नगर, बज्जरपट्टी कुंडेश्वरी निवासी हरदीप सिंह 24 वर्ष पुत्र हरभजन सिंह खाली ट्रैक्टर ट्राली लेकर आज सुबह लगभग 7:30 बजे खनन लोड करने गुलजारपुर स्थित कोसी की ओर जा रहा था इसी दौरान बताया जा रहा है कि वहां की गति तेज होने के कारण चालक ने उसे पर से नियंत्रण को दिया और ट्रैक्टर ट्रॉली एक खड्डे में चली गई। ट्रैक्टर ट्राली का अगला पहिया खड्डे में जाते ही चालक असंतुलित होकर ड्राइविंग सीट से नीचे गिर पड़ा और (शेष पृष्ठ सात पर)



## ट्रैक्टर मालिक की धमकी से मृतक था परेशान

काशीपुर। मृतक हरदीप की शादी को लगभग एक वर्ष हुए थे। परिजनों के मुताबिक उसकी पत्नी गर्भवती है। सूत्रों का कहना है कि जिस मालिक की ट्रैक्टर ट्राली वह चलाया करता था उसे वह मालिक समय पर पगार नहीं देता था। पूर्व में एक दो बार जब मृतक हरदीप ने उसकी ट्रैक्टर ट्राली चलाने से मना किया तो आरोप है कि उसे धमकी दी गई। मृतक जिसका ट्रैक्टर चलाया करता था आनंद स्टोन क्रेशर के नाम से गुलजारपुर में उसका स्टोन क्रेशर है। बताया गया कि ट्रैक्टर मालिक द्वारा धमकी देने के कारण मृतक मानसिक रूप से परेशान रहा करता था। घटना की एक वजह यह भी मानी जा रही है।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी बेकाबू कार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नवनिर्मित फ्लाईओवर पर पिछले कुछ दिनों से धड़ाधड़ हादसे से घटित हो रहे हैं। हालांकि अब तक किसी भी हादसे में जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है लेकिन गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी है। बता दें कि गत शुक्रवार को महाराणा प्रताप चौक के ऊपर स्टेशन रोड से रामनगर रोड को जोड़ने वाले फ्लाईओवर पर एक के बाद एक दो हादसे से घटित हुए। पहला हादसा अपराहन रामनगर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के समीप जहां फ्लाई ओवर खत्म होता है यही घटित हुआ। इस हादसे में अनहोनी होते होते टल गई। इसी तरह दूसरा हादसा रात्रि लगभग 8:00 बजे फ्लाई ओवर के दूसरे छोर पर (शेष पृष्ठ सात पर)



# चुनाव के चलते उत्तराखंड में ‘शादी के लड्डू’ खाना हुआ ‘कठिन’

## परिवहन निगम के 13,039 वाहन चुनाव आयोग के लिए हुए रिजर्व, बारात ले जाने के लिए ढूंढे नहीं मिल रहे वाहन, निजी वाहन स्वामियों की बल्ले- बल्ले, खरमास का खात्मा आज, कल से शादियों का सीजन शुरू

-अर्श-

रूद्रपुर। एक कहावत है कि ‘शादी के लड्डू’ जो खाय वो भी पछताये और जो न खाय वो भी पछताये। बावजूद इसके हर लगभग युवा की चाहत यही रहती है कि वह शादी के लड्डू खाकर ही पछताए । सो, शादी के लड्डू खाने के इंतजार में बैठे युवाओं के लिए एक खुशखबरी है। वह यह कि खरमास आज समाप्त हो रहा है और कल से लग्न का सीजन आरंभ हो जाएगा। लेकिन शादी के लड्डू खाने की चाह रखने वाले लोगों के परिवार वालों ,खासकर वर पक्ष के लिए एक मुश्किल भी खड़ी सामने आन खड़ी हुई है। क्योंकि उत्तराखंड परिवहन निगम के तकरीबन 13039 वाहन चुनाव आयोग ने अधिग्रहित कर लिए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण होने से वर पक्ष को बरातियों के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम के वाहन मिलने मुश्किल हो गए हैं। लिहाजा वर पक्ष के लोग निजी वाहनों अनुमति के लिए परिवहन विभाग के लगातार चक्कर काट रहे हैं साथ ही निजी वाहनों को अधिग्रहित न किए जाने का अनुरोध भी क्षेत्रीय जिला अधिकारी से कर रहे हैं। निजी वाहनों के परिवहन की अनुमति लेने में उन लोगों को विशेष दिक्कत हो रही है ,जिनके मांगलिक कार्यक्रम 19 अप्रैल को है, क्योंकि इस दिन पूरे उत्तराखंड में एक ही चरण में मतदान होना है और मतदान के दिन निजी वाहनों की आवाजाही की अनुमति दिए जाने में चुनाव आयोग के कई पचड़े हैं। उधर निजी वाहन स्वामियों ने वाहनों की कमी का एहसास होते ही अपने वाहन किराए की रकम बढ़ा दी है और जमकर चांदी काट रहे हैं। शादियों के लिए वाहनों की व्यवस्था के लिए चल रही मारामारी के बीच उत्तराखंड वासियों की भरसक कोशिश यही चल रही है की किसी तरह उत्तराखंड परिवहन निगम की बस की व्यवस्था हो जाए, परंतु इस मसले में परिवहन निगम की अपनी मजबूरियां है क्योंकि निगम को चुनाव आयोग के लिए वाहनों की व्यवस्था करने के साथ-साथ उसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था को भी सुचारू रखना है। बताना होगा कि लोकसभा चुनाव के समय, निर्वाचन आयोग द्वारा हजारों के संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी लगाई जाती है। इन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवागमन हेतु अधिक संख्या में वाहनों की आवश्यकता होती है । इसलिए चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा परिवहन निगम से वाहनों की मांग की गई है और प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने परिवहन निगम से 13,039 वाहनों की व्यवस्था करने को कहा है। लोकसभा चुनाव को कराने में निर्वाचन आयोग को 12,395 वाहनों की जरूरत है। जिसके सापेक्ष आयोग ने परिवहन निगम से 13,039 वाहनों की मांग की है । बढ़ी हुई मांग इसलिए की गई है कि कहीं इमरजेंसी में वाहन की जरूरत हो तो दिक्कत न हो। लोकसभा चुनाव के चलते निर्वाचन (शेष पृष्ठ सात पर)



# शराब बांटकर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा : गोदियाल

## कांग्रेस प्रत्याशी गोदियाल ने वीडियो जारी कर लगाये गंभीर आरोप

देहरादून/पौड़ी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों राजनीतिक पार्टियां अपना पूरा दम खम लगा रही हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण में देवभूमि में चुनाव होने हैं जिसके लिए लगातार दोनो दल प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। लेकिन इसी बीच अब सियासी पारा चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए शेष कुछ ही दिन रह गए हैं। पांचों लोकसभा सीट पर प्रत्याशी जनता के बीच जाकर अपना पक्ष मजबूत करने में जुटे हुए हैं। लेकिन इसी बीच पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है। गणेश गोदियाल ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि भाजपा शराब बांटकर चुनाव जीतना चाहती है। जिसका ताजा उदाहरण कल लोकसभा क्षेत्र में पकड़ी गई 9000



शराब की पेटियां हैं।उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी को पूरा सरकारी संरक्षण मिल रहा है और सरकारी मशीनरी की मिली भगत से ही इतनी अधिक मात्रा में शराब पहाड़ों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शराब के बूते चुनाव को जीतना चाहती है। शिकायत करने के बाद भी प्रशासनिक अमला उनकी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। गणेश गोदियाल द्वारा लगाए गए इस आरोप का कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने समर्थन किया है। मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए धन बल का प्रयोग कर रही है साथ ही घर घर शराब पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों और पुलिस के संरक्षण में शराब पहुंचने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि चुनाव आयोग को वीडियो उपलब्ध करा दी गई है अब इसका संज्ञान चुनाव आयोग को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार को देख कर भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है और ऐसी हरकत कर रही है। जो देवभूमि को कलंकित करने का काम कर रही है। कांग्रेस के इन आरोपों को भारतीय जनता पार्टी ने इंन्कार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो आरोप लगाए हैं उसके अगर साक्ष्य हैं तो पेश करें। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेश बंसल ने कहा कि कांग्रेस जिस शराब का हवाला दे रही है उससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस पर पलटवार करते हुए बंसल ने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार सामने दिखाई दे रही है जिसकी हताशा में कांग्रेस के नेता बेवजह की बयानबाजी कर रही है।

# राज्यपाल से मिले सीडीएस अनिल चौहान

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल अनिल चौहान ने मुलाकात की। राज्यपाल ने सीडीएस से उत्तराखण्ड में सैनिकों, पूर्व सैनिकों



और उनके आश्रितों हेतु ईसीएचएस और सीएसडी सुविधाओं के विस्तार किए जाने सहित राज्य में सैन्य कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल से सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिक एवं पूर्व कल्याण और विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

# भाजपा ने प्रियंका गांधी से पूछे सवाल

देहरादून। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में शुक्रवार को प्रचार करने रामनगर आ रही प्रियंका गांधी वाड्रा पर भाजपा ने निशाना साधा। पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक व सांसद नरेश बंसल ने तंज कसा, मोहब्बत की दुकान का दावा करने वालों को सनातन संस्कृति और मातृ शक्ति से नफरत क्यों हैं। राज्य में एक भी महिला को प्रत्याशी न बनाने को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस पर सवाल दागे। रिस्पना पुल स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बंसल ने दावा किया कि ऋषिकेश में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली सफल और भव्य रही। कहा उनके विचारों और मार्गदर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन तय योजना और रणनीति के तहत बूथ स्तर तक सक्रिय होकर काम कर रहा है।उन्होंने कांग्रेस पर भ्रम, झूठ एवं अफवाह फैलाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रियंका के दौरे पर तंज कसा, चलो उनके किसी पहले बड़े



नेता ने तो उत्तराखंड में जनता के सामने आने का साहस किया है। कहा अब चूंकि उनकी आने वाली नेता महिला हैं, लिहाजा चंद महत्वपूर्ण सवालों का जवाब तो उन्हें कार्यक्रमों में देना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और सहयोगी पार्टियां, सनातन धर्म के नाश की बात तो करते ही थे, अब उनके भाई सनातनियों की आराध्य शक्ति को भी नष्ट करने की बात का दुस्साहस करते हैं। पार्टी की एक बड़ी नेत्री भाजपा की महिला उम्मीदवार पर अभद्र पोस्ट करती हैं। सवाल किया लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली प्रियंका कैसी लड़की हैं, जो महिलाओं के साथ अत्याचार एवं अपमान पर अपनी ही पार्टी में नहीं लड़ सकती हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता सुनीता विद्यार्थी, कमलेश रमन, संपर्क प्रमुख राजीव तलवार मौजूद रहे।

# कोटद्वार में रोड शो करेंगे अमित शाह

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव प्रचार की उलटी गिनती शुरू होने के साथ भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के बीच होड़ शुरू हो गई है। ऋषिकेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के बाद अब पार्टी के दिग्गज नेता केंद्रीय गृह अमित शाह उतरने वाले हैं। वह कोटद्वार में 16 अप्रैल को गढ़वाल लोस सीट पर पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए प्रचार करेंगे। कोटद्वार में उनका एक बड़ा रोड शो भी होगा और इसके बाद उनकी जनसभा होगी, लेकिन शाह के आने से पहले केंद्रीय नेतृत्व अन्य बड़े नेताओं को भी प्रचार में झोंक दिया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गौचर, लोहाघाट और हल्द्वानी में ताबड़तोड़ तीन जनसभाएं कीं। शनिवार को योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी में जनसभा करेंगे। वह नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट मांगेंगे। रविवार को वह पार्टी प्रत्याशी



अनिल बलूनी, त्रिवेंद्र सिंह रावत और माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में श्रीनगर, रुड़की और देहरादून में तीन जनसभाएं करेंगे।पार्टी ने सैनी वोट को साधने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हरिद्वार की लक्सर, खानपुर और पिरान कलियर विस सीट पर प्रचार के लिए उतारा है। बंगाली वोटों पर सेंध लगाने के लिए पार्टी सांसद शांतनु ठाकुर को रुद्रपुर, दिनेशपुर और शक्तिफार्म क्षेत्र में प्रचार का जिम्मा सौंपा है। पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी शनिवार को बड़कोट और पैठाणी में जनसभाएं करेंगे। 17 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल की सीमा के पास चकराता और सहसपुर में जनसभा और रोड शो के जरिये भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। पार्टी प्रभारी दुष्यंत गौतम तो कई दिनों से उत्तराखंड में हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी धुआंधार रोड शो और जनसभाएं हो रही हैं।

# राज्य के सभी मतदाताओं तक वोटर स्लिप पहुंचाने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को सचिवालय में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य के सभी मतदाताओं तक वोटर स्लिप पहुंचाने का



कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि सभी जनपदों में 83 लाख 35 हजार वोटर स्लिप बीएलओ को उपलब्ध कराये गये हैं। अभी तक 60 लाख 20 हजार वोटर स्लिप मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं, यह कार्यवाही 14 अप्रैल 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 03 लाख 90 हजार एपिक कार्ड में से 03 लाख 63 हजार का वितरण कर लिया गया है। अगले दो दिनों में वोटर स्लिप के साथ-साथ अवशेष एपिक कार्ड के वितरण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रत्येक मतदाता परिवार को वोटर गाइड भी उपलब्ध कराई जा रही है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 19 लाख 33 हजार परिवारों को वोटर गाइड उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 13 लाख 54 हजार परिवारों को वोटर गाइड उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# छह पेटी अंग्रेजी शराब सहित कार चालक को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत अल्मोड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने छह पेटी अंग्रेजी शराब के साथ कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। रानीखेत कोतवाल अशोक कुमार धनकड़ के नेतृत्व में रानीखेत पुलिस व एसएसटी टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान



कोतवाली रानीखेत क्षेत्रान्तर्गत घिंघारीखाल में ऑल्टो कार संख्या यूके 01टीए 4310 को रोक कर चेक किया गया तो वाहन चालक मनोज सिंह नेगी के कब्जे से 6 पेटियों में कुल 67 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। जिस पर कार चालक मोज सिंह नेगी पुत्र चंदन सिंह नेगी निवासी ग्राम जेठा पंत कोटली रानीखेत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील सिंह बिष्ट रिक्रूट कांस्टेबल विक्रम कुमार, पंकज कुमार, प्रभारी एसएसटी टीम वन दरोगा मनोज उपाध्याय, एसएसटी कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# मतदान के लिए फेसबुक क्विज कंपटीशन के विजेताओं की घोषणा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित फेसबुक क्विज कंपटीशन के विजेताओं के नाम की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने कंप्यूटर के माध्यम से लकी ड्रा निकाले। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान एवं निर्वाचन के प्रति जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई अनूठी पहल के क्रम में सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर दिनांक 03 अप्रैल, 2024 से मतदाता जनजागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000,



द्वितीय पुरस्कार 2000 और तृतीय पुरस्कार 1000 तय किया गया था। प्रतियोगिता में दिनांक 03 अप्रैल से 09 अप्रैल 2024 तक प्रतिभागियों ने 2700 कमेन्ट किए, जिनमें 1709 कमेन्ट सही पाए गए। प्रतियोगिता में सही पाए जाने वाले 1709 उत्तरों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा लकी ड्रा के माध्यम से तीन विजेताओं का नाम चयनित किया गया। लकी ड्रा के माध्यम से प्रतियोगिता में प्रथम विजेता श्री रॉबिन जॉन, द्वितीय विजेता सुश्री नन्दिनी रावत और तृतीय विजेता श्री अशोक जोशी रहे।

# कामरा परिवार समर्थकों सहित कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुआ शामिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव से पूर्व विधायक शिव अरोड़ा ने कांग्रेसियों को बड़ा झटका देते हुए पुराने कांग्रेसियों में शुमार तीन दशकों तक कांग्रेस में रहे कामरा परिवार को दर्जनों समर्थकों सहित भाजपा में शामिल कराया। आज सुबह भाजपा के आवास विकास प्रचार अभियान के दौरान विधायक शिव अरोड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं सहित कामरा परिवार के निवास पर पहुंचे। जहां पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व महामंत्री राजीव कामरा व युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कामरा के नेतृत्व में कामरा परिवार सहित दर्जनों समर्थकों ने विधायक शिव अरोड़ा का माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया और पूर्ण समर्थन दिया व लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से जीतने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर भाजपा विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि कामरा परिवार के भाजपा



में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को कामरा परिवार व उनके समर्थक पूरी लगन और समर्पण के साथ भारी मतों से जिताएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा में शामिल होने वाले पूर्व नगर महामंत्री राजीव कामरा, कांग्रेस की पूर्व पार्षद प्रत्याशी सिमरन कामरा, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कामरा, संजीव कामरा, चिमनलाल कामरा, राजकुमार हुड़िया, युवा व्यापारी नेता हर्ष रावल, अशोक कामरा, परविंदर सिंह कामरा, अजीत सिंह, बलजीत सिंह, कोमल नारंग, चंद्र गांधी, राजेश तिरखा, भगत कक्कड़, विपुल गंभीर, जगदीप कथूरिया, मनीष कुमार, तेजपाल, बंटू रस्तोगी, सागर मंडल, अमर सिंह मौर्य, अशोक मिश्रा, डीडी गुप्ता, बंटी कक्कड़, सौरभ अरोड़ा, किशनलाल अरोड़ा, लक्ष्मी चंद शर्मा, अरुण छाबड़ा, अंश कामरा, शुभ कामरा, अमित मक्कड़, सक्षम कामरा, प्रभु दयाल राठौर, शिखा कामरा, ईशा कामरा ,प्रदीप कामरा, अर्पित कामरा, हर्ष गुलाटी, ईशान कामरा, गुरप्रीत सिंह कामरा, राजेंद्र कुमार, सागर मंडल, विवेक कुमार, मयंक अरोड़ा, नरेश अरोड़ा, अमन कुमार, सौरभ मिश्रा, अजय राजपूत, वीरेंद्र कुमार, गौतम कुमार ,संदीप कामरा, अमृत पाल सिंह, मनोज अग्रवाल, गौरव मक्कड़, नरोत्तम सिंह, आशुतोष शर्मा, अरुण रस्तोगी, सुरेंद्र कुमार, हिरदेश गोस्वामी, संदीप सिंह, नरेश पसरीचा, अंकित रस्तोगी, मुकेश गुंबर, अमन कुमार, सुमित सागर, अमन कश्यप, चेतन शर्मा, किशन लाल अरोड़ा आदि कार्यकर्ता थे। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, रीना जग्गा, नगर उपाध्यक्ष राजेश जग्गा, सुशील गाबा, नगर उपाध्यक्ष मनोज मदान, नितेश गुप्ता, मानस जयसवाल, किरण सिंह विर्क, सोनू वर्मा, विनय बतरा, धीरेंद्र मिश्रा, आशा मुंजाल, माही सकलानी, रश्मि रस्तोगी, किशन सुखीजा, पुरषोत्तम अरोड़ा, राधेश शर्मा, नरेश उप्रेती, अमित गंभीर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कामरा परिवार ने विधायक शिव अरोड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, युवा भाजपा नेता मनोज मदान, सुशील गाबा, मानस जयसवाल आदि का आभार व्यक्त किया।

# राजनाथ ने भरा जोश, अबकी बार 400 पार





## काशीपुर और लोहाघाट में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कांग्रेस पर बरसे राजनाथ सिंह, सीएम धामी सहित कई दिग्गजों ने किया भव्य स्वागत

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को काशीपुर के रामलीला मैदान पहुंचे और एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अबकी बार 400 पार का नारा लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं जमकर जोश भरा। भाजपा के नैनीताल-उधम सिंह नगर सीट से लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में स्टार प्रचारक केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उनके आगमन को लेकर जहां एक और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था, वहीं पुलिस प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद नजर आया। राजनाथ सिंह के रामलीला मैदान पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट भी मौजूद रहे। रामलीला मैदान में एकत्र लोगों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार 400 के पार का नारा सच साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र में चल रही मोदी सरकार ने हमेशा जनता के हित में कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का वह सपना साकार कर दिया जो अन्य सरकार केंद्र में रहकर न कर पाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब को फ्री राशन देकर गरीब के दुख दर्द पर मरहम लगाने का कार्य किया है। साथ ही देश की 150 करोड़ जनता के लिए आयुष्मान योजना चलाकर लोगों को फ्री में 5 लाख तक का इलाज मुफ्त करने का कार्य किया, जो किसी भी सरकार ने नहीं किया। इसी के साथ ही उत्तराखंड की जनता के लिए उन्होंने विशेष पैकेज देकर उत्तराखंड को नंबर वन राज्य बनाने का कार्य किया। पहाड़ों में पानी की सुविधा विकास की गंगा किसी से छिपी नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाली 19 अप्रैल को नैनीताल-उधम सिंह नगर के भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाना है, जिसको लेकर अभी से ही तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के लिए एक सेवक के रूप में कार्य किया है, जो हर किसी प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है। उनके संबोधन को सुनने के लिए आसपास की जनता के साथ ग्रामीण क्षेत्र की जनता भी लगभग 2 घंटे तक उनका इंतजार करती रही। उनके आगमन पर गगन भेदी नारों के साथ राजनाथ सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार किया स्वागत किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने वहां बैठी जनता ने आने वाली 19 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में वोट डालने को लेकर जनता से अपील की। जनता ने राजनाथ सिंह को आश्वस्त किया कि इस बार 400 के पार का भाजपा का नारा अवश्य सफल होगा और पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अपनी गद्दी पर काबिज होंगे। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में देश के यशस्वी केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के देवभूमि आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इसके उपरांत विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। काशीपुर की जनता का विश्वास बता रहा है कि जन-जन को मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। आदरणीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में ही आज देश के प्रत्येक नागरिक तक सरकार की योजनाएं पहुंची हैं। भाजपा सरकार ने श्अंत्योदय एवं गरीब कल्याणश के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। 70 साल तक केवल एक परिवार की चिंता करने वाली पार्टी के कारनामों के बारे में जनता अब जान चुकी है। निश्चित तौर पर देवतुल्य जनता माँ भारती की सेवा के लिए समर्पित रहने वाले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने जा रही है।

## डायनासोर की तरह विलुप्ति की कगार पर आ चुकी है कांग्रेस : राजनाथ सिंह

लोहाघाट (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर है और उत्तराखंड में भाजपा स्टार प्रचारकों का जमावड़ा लगा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोहाघाट में चुनाव प्रचार किया। लोहाघाट के रामलीला मैदान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। लोहाघाट के रामलीला मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साध ा। उन्होंने कहा कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार चरम पर था 100 पैसा दिल्ली से चलता था तो 86 पैसा रास्ते में गायब हो जाता था। लेकिन भाजपा शासन में प्रध ानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली से 100 पैसा चलता है तो 100 का 100 पैसा जनता के खाते में पहुंचता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्ति की कगार पर आ चुकी है। कांग्रेस के पास कोई भी मुद्दे नहीं है इसलिए भाजपा पर गलत आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य क्षेत्र है और प्रधानमंत्री ने फौजी



भाइयों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवी महाशक्ति बन चुका है। उन्होंने कहा कांग्रेस वो पार्टी है जो सर्जिकल व एयर स्ट्राइक पर सबूत मांगती है उन्हें सेना पर तक विश्वास नहीं है। कांग्रेस बीजेपी पर आरोप लगाती है कि भाजपा हिंदू मुस्लिम की राजनीति करती है लेकिन भाजपा हिंदू मुस्लिम की नहीं इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है। भाजपा हिंदू मुस्लिम की राजनीति करती तो अरब के पांच देश प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित नहीं करते। प्रधानमंत्री ने 33% आरक्षण महिलाओं को दिया है। प्रध ानमंत्री के द्वारा देश में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ देश के करोड़ों गरीबों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तराखंड के सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम क्षेत्र मानती थी लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन क्षेत्रों को अंतिम नहीं प्रथम क्षेत्र माना है।

## मैं ही नहीं हमारे प्रधानमंत्री जी भी करते हैं ईमानदार मंत्री अजय भट्ट जी की तारीफ

काशीपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने काशीपुर में आज जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी श्री अजय भट्ट की जमकर तारीफ की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अजय भट्ट को न सिर्फ ईमानदार नेता बताया बल्कि कहा कि मैं ही नहीं हमारे प्रधानमंत्री मोदी भी अजय भट्ट की तारीफ करते हैं। काशीपुर में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने सांसद अजय भट्ट को भले ही कितना जानते हो लेकिन मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं वह केंद्र में मेरे साथ रक्षा मंत्रालय संभालते हैं और रक्षा मंत्रालय का भारी भरकम बजट होता है लेकिन जिस ईमानदारी के साथ अजय भट्ट जी




ने रक्षा मंत्रालय में काम किया है हमें अजय भट्ट जी पर गर्व है और यहां के संसदीय क्षेत्र की जनता पर भी गर्व है क्योंकि उन्होंने अजय भट्ट जी जैसे ईमानदार नेता को चुना है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हर कोई जनता की हर अपेक्षा हर अपेक्षा पूरी नहीं कर सकता लेकिन जिस ईमानदारी के साथ अजय भट्ट जी ने काम किया है आज पूरे देश में कोई भी उनके ऊपर भ्रष्टाचार का एक दाग भी नहीं लग सकता। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनकी इस ईमानदारी की मैं ही नहीं बल्कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी की भी जमकर तारीफ करते हैं।

# सारी दुनियां में गूंजे..शेरां वाली मां के जय जयकार







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के चौथे दिवस पर गत रात्रि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता के अर्द्धरात्रि जागरण में भजन गायक कलाकारों द्वारा मां के कई भजन सुनाये गये। जिन्हें सुनकर उपस्थित सभी श्रद्धालु मां के जयघोषों के साथ मां की महिमा का गुणगान करते रहे। सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी व महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान राकेश बब्बर, मधु बब्बर, नरेश बब्बर, रचना बब्बर, संरेश बब्बर, रंजना बब्बर, प्रवेश बब्बर, शालिनी बब्बर, यमन बब्बर, भासवना बब्बर, मोहित बब्बर, प्रांची बब्बर, दीपांशु बब्बर, रागनी बब्बर, पार्थ, अविराज, तान्या, शिवी से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। सर्वप्रथम अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात भजन गायिक रितेश मनोचा ने मां के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने मेरी रखियो लाज गुरूदेव, अंदर भी तूं है बाहर भी तूं है, बाबा मेरे हाल पर रहबर तूं, मेरी मैया का जागरण होता सारी रात, सारी दुनियां में गूंजे शेरां वाली मां के जय जयकार, प्रेम से बोलो जय माता की, मां का सच्चा है दरबार, तेरे रंगा विच मैं रंग जावां, जमाने कोलों की लेंणा, अज रौनकां ने वेड़े विच मैया तेरे दर ते, रख अपने प्रभु पर भरोसा, इक रस्ता होवे बंद प्रभु खोले चार, दिल करदा मैया मेरा दिल करदा, तेरे भवन ते रूकां दाती तेरे नाल अपने दिल का सुनावां हाल आदि भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें समस्त प्रसाद की सेवा बब्बर परिवार द्वारा की गई। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा भावना, रवि छावड़ा, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, सुनील ठुकराल, नरेश ग्रोवर, हरीश गुंबर, नरेन्द्र अरोरा, कमल, जितेन्द्र जीतू, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, सतनाम सिंह, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, संजय ठुकराल, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रांतीय व्यापार मण्डल की कार्यकारिणी का विस्तार

खटीमा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल खटीमा की कार्यकारिणी का विस्तार मुख्य चौराहे पर स्थित एक निजी बैंकट हॉल में किया गया जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल व्यापार मंडल के सभी पुराने व्यापारियों के साथ मिलकर 11 सदस्यी संरक्षक मंडल के साथ कार्यकारी का विस्तार किया। चुनाव के 2 वर्ष बाद हुए कार्यकारी विस्तार में सभी वर्ग के व्यापारियों को कार्यकारी में स्थान दिया गया। सर्वसम्मति से व्यापारी नेता सुमित गुंबर को युवा व्यापार मंडल की कमान सौंपी गई एवं सुशांत अग्रवाल को युवा व्यापार मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यापार मंडल एवं खटीमा क्षेत्र के सभी व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि खटीमा क्षेत्र के विकास के साथ-साथ व्यापारियों के व्यवसाय के उत्थान के लिए भी बहुत सारे कार्य किया जा रहे हैं जिससे व्यापारियों की आय के स्रोत बड़े एवं बाहर से लोग आकर खटीमा में अपने व्यापारिक गतिविधियों में भाग ले, युवा



व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। राइस मिलर्स एसोसिएशन ने पुष्कर सिंह धामी को प्रतीक चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन व्यापारी नेता संतोष अग्रवाल एवं मनोज वाधवा ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता दान सिंह रावत, रमेश चंद्र जोशी, राजेश राणा, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ,सुनील रैदानी, अनिल ओली, जगदीश गोयल, नरेश गुप्ता, विजय अरोड़ा, दुष्यंत गुंबर, सुनील ग्रोवर, ईश्वर बंसल, विशाल गोयल, पवन अरोड़ा, वरुण अग्रवाल, नंदन सिंह खड़ायत, सुधीर बत्रा, सुनील बत्रा, पवन अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मुन्ना अड़ती, कश्यप, मानस बत्रा, सूरज शर्मा हरिनारायण अग्रवाल, अजय डाबर, जगदीश गुप्ता, अमरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, रेशम सिंह खिंडा, गुरपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, जीवन धामी, विवेक गुप्ता, मुकेश गुप्ता,केशव अग्रवाल, राजेश बाटला, संजीव बत्रा, अशोक बत्रा, सुभाष बत्रा, सलीम अहमद, भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल,कमल शर्मा, नीता सक्सेना, नीलू गुप्ता, नवनीत गुप्ता, भगवान दास, विशाल अग्रवाल, रविंद्र श्रीवास्तव, नीरज रस्तोगी, मुकेश रस्तोगी, मुकेश वर्मा, विनोद गुप्ता ,सुरेंद्र अरोड़ा, हरीश बत्रा आदि व्यापारी एवं जनप्रतिनिधि थें व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने विश्वास दिलाया कि व्यापार मंडल व्यापारी हितों में हमेशा संघर्ष करता रहेगा एवं नगर की व्यापार मंडल कार्यकारिणी जिले एवं प्रदेश के कार्यकारिणी के साथ सामंजस्यसे बात कर व्यापारी हितों में कार्य करती रहेगीं

# पुलिस ने व्यक्ति का खोया हुआ बैग ढूंढ कर वापस लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने एक व्यक्ति का खोया हुआ बैग ढूंढकर उसे वापस लौटा दिया। जानकारी के अनुसार राजपाल मौर्य पुत्र झंडे लाल मौर्य निवासी सोशाहा थाना फतेहगंज, पश्चिमी बरेली का बैग यहां मंगल पड़ाव में कहीं छूट गया। उसके द्वारा बैग गुम होने की सूचना मंगल पड़ाव चौकी में जाकर दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव को दी गई। व्यक्ति द्वारा अपने बैग में कीमती सामग्री होना बताया। चौकी प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने व्यक्ति द्वारा बताए गए सभी संभावित स्थलों में बैग की खोजबीन की ओर सीसीटीवी चेक करवाए। काफी देर बाद पुलिस ने व्यक्ति का बैग ढूंढ निकाला और उसे सुपुर्द किया। बैग वापस मिलने पर व्यक्ति ने पुलिस को धन्यवाद व्यक्त किया।



# प्रकाश जोशी के पक्ष में कांग्रेसियों ने किया जनसंपर्क

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 5 तेजा फौजा कालोनी, रेड रोज कॉलोनी में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के



समर्थन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाल सिंह ,कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में जनसंपर्क करके वोट देने की अपील की। राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश चंद जोशी भारी मतों से जन सहयोग से जीत हासिल करेंगे उन्होंने भाजपा की जन विरोधी नकारात्मक नीतियों का खुलासा करते हुए निशाना साधा और कहा भाजपा से आम जनमानस को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी सिंह, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव अरोड़ा, नगर कांग्रेस महामंत्री मुकेश भगत, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक ठुकराल, सपा जिला उपाध्यक्ष शिव अवतार शर्मा,युवा जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा ,वरिष्ठ समाजसेवी अजयगाबा,अनिल इशपुजानी ,महिला कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुमित्रा कौर, बचन सिंह, नरेश चौधरी, बिट्टू ,गुरनाम सिंह, कश्मीर सिंह,रेशम सिंह, शेर सिंह, केहर सिंह,मेहर सिंह, जगतार सिंह, जग्गा सिंह,मुख्तियार सिंह, सोना सिंह,कुलविंदर सिंह, सतनाम सिंह, भगवान दास सैनी,ओम प्रकाश सैनी, पूरण सैनी, मलकीत सिंह, लाजो कौर, तारा सिंह, महेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, गुरमीत सिंह, मिंदर सिंह,भजन सिंह, बिट्टू सिंह,मलकीत सिंह, संता सिंह,सूरज कंबोज,निक्कू सिंह, राजू सिंह,वंश शर्मा, कौशल्या, कुलवंत कौर,रामानंद डूमरा, श्याम लाल सैनी,राजू बठला आदि थे ।

# भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए मांगे वोट

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कंचनपुरी मझोला जमौर में सांसद प्रत्याशी अजय



भट्ट के समर्थन में जनसभा की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक दान सिंह रावत ने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव अपने पार्टी कार्यकर्ताओ के बलबूते एवं प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों की बदौलत रिकॉर्ड मतों से विजयी होगी। उन्होंने कहा कि 1982 के दंगों की दोषी कांग्रेस पार्टी ने आज तक दोषियों को सजा नही सुनाई बल्कि दोषियों का हमेशा साथ दिया। मुस्लिमों और सिखों को कांग्रेस पार्टी हमेशा वोट बैंक के लिए उपयोग करती आई है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज की बात करती है और सबका विकास सबका साथ के नारे को बुलंद कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, अनवर अहमद, रहमत अली, अनीस अहमद, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, राहुल सक्सेना, विशाल चौहान, रोहित वर्मा, कमल चौहान एवं सैकड़ो भारती जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संस्कार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारद्वाज का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।संस्कार भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महाभारत सीरियल के कृष्णा नितीश भारद्वाज का गत दिवस पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर बुके और फूलमाला पहनाकर स्वागत बंसल,संस्कार भारती नगर के संरक्षक कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, उपाध्यक्ष हरवीर चौधरी, उपाध्यक्ष विमला रानी, आयुषी मेहरा, विजय अग्रवाल, सविता कार्यकारिणी एवं चिंतन बैठक में भाग लेने के लिए नैनीताल में नैनीताल क्लब में जा रहे है। संस्कार भारती भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लिए जायेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा संस्कार भारती की मान्यता है कि संस्कृति जहां मानव जीवन की प्राण वायु है वहीं राष्ट्र की आत्मा भी है अशलील और फूहड़ कार्यक्रमों के विरुद्ध एक सकारात्मक अभियान छेड़ना संस्कार भारती का अनिवार्य कार्य है। उन्होंने कहा कि देश की चिर पुरातन भारतीय संस्कृति को परिवार और संस्कार के संरक्षण संवर्धन का कार्य किया जाना संस्कार भारती की दृष्टि में नितांत आवश्यक है। हमारे इस कार्य में सहयोग देने के लिए राष्ट्र स्तर के कलाकार, शहनाई वादक,तबला वादक






किया गया। इस दौरान संस्कार भारती के नगर अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष डा.गिरीश शर्मा, प्रदेश मंत्री विमल मेहरा, प्रदेश संपर्क प्रमुख युगराज रघुवंशी, महामंत्री शेली अग्रवाल, समाजसेवी रमेश मिड्ढा , दीप्ति, रंजीत, दीपक अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, जितेंद्र साहनी ने स्वागत किया । नितीश भारद्वाज संस्कार भारती की अखिल भारतीय संस्था है ।राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 13 व 14 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर की चिंतन बैठक नैनीताल क्लब में आयोजित की गई है।बैठक में संस्कार भारती द्वारा राष्ट्र स्तर पर आगामी ।संस्कार युक्त राष्ट्रीय चेतना के अभाव में समाज दिग्भ्रांत हो जाता है परिवार टूट और बिखर जाते हैं। संस्कृति के संरक्षण के लिए सांस्कृतिक प्रदूषण एवं विकृतियों का बीजारोपण करने वाले समाज में जीवित रखने के लिए राम, कृष्ण, नानक, कबीर, गौतम एवं ऋषि मुनियों के महान चरित्र पर फिल्म, सीरियल और विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रस्तुत करके भारतीय संस्कृति और कथक नृत्यांगना, महाभारत के भीष्म पितामह मुकेश खन्ना, आधुनिक कृष्णा नितीश भारद्वाज , सीने स्टार हेमा मालिनी,अनुपम खेर जैसे महान कलाकार निरंतर साथ जुड़कर काम कर रहे हैं।

# अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई

**490 लीटर शरब समेत महिला सहित सात गिरफ्तार**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के खिलाफ की गयी ताबड़तोड़ कार्रवाई में पुलिस ने अलग अलग स्थानो से एक महिला सहित सात शराब तस्करों को करीब पांच सौ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के दिशा निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देजनर जिले भर में चलाये जा रहे अवैध शराब विरोधी अभियान के तहत पुलिस की अलग अलग टीमों ने बिंदुखेड़ा, बगवाड़ा और रम्पुरा आदि क्षेत्रों में ताबड़तोडछ दबिश दी। जिसमें 60 लीटर अवैध शराब सहित बगवाड़ा गेट के पास से गुरमीत सिंह पुत्र स्व प्रेम सिंह निवासी बगवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि सोनू सिंह पुत्र पाला सिंह निवासी खोमपुर भट्टा निकट खकरापुल नानकमत्ता को 20 लीटर अवैध शराब सहित सुभाष कालोनी के पास गिरफ्तार किया गया। जागवती पत्नी अंगन लाल निवसी निकट काली मंदिर रम्पुरा को 50 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तजार किया गया। 40 लीटर शराब के साथ काशीपुर रोड फ्लाईओवर के पास शंभू पाल पुत्र कन्हई पाल निवासी आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बिंदुखेड़ा मोड़ पर पुलिस ने मुखविर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 130 लीटर शराब सहित अमरजीत सिंह उर्फ अट्टी पुत्र बंता सिंह निवासी बिंदुखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि बिंदुखेड़ा में 120 लीटर अवैध शराब के साथ सुरेन्द्र प्रसाद उर्फ बिट्टू पुत्र विकास प्रसाद निवासी रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इसके अलावा 70 लीटर अवैध शराब सहित वजीर कोली पुत्र केदार कोली निवासी वार्ड नंबर 22 रम्पुरा को पुलिस ने रम्पुरा से गिरफ्तार कर लिया। अवैध शरबा के खिलाफ की गयी ताबड़तोड़ कार्रवाई के से अवैध शराब माफियाओं में हड़कम्प मचा रहा।

# केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर का रूद्रपुर पहुंचने पर किया स्वागत

रूद्रपुर ।केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल के सांसद शांतनु ठाकुर का रुद्रपुर पहुंचने पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा नेता चुघ ने केंद्रीय मंत्री ठाकुर को अवगत कराया कि यह क्षेत्र बंगाली बाहुल्य क्षेत्र है जो सदैव भाजपा के पक्ष में अपना रुझान रखता है और बंगाली समुदाय ने हर परिस्थिति में भारतीय जनता पार्टी का साथ दिया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को भाजपा अपने साथ लेकर चलती है चुग ने अवगत कराया कि केंद्रीय मंत्री बंगाली बाहुल्य क्षेत्र आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी, संजय नगर खेड़ा और दिनेशपुर में भाजपा



के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे उन्होंने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार की तरह है यहां समाज के सभी लोगों को सम्मान मिलता है ऐसे में भाजपा 400 पार का नारा सार्थक होगा और केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शांतनु के वहां पहुंचने पर तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं और बंगाली समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जासूसी साफ्टवेयर से सेंधमारी

अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें। यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था। इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। मगर कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह बड़ी चुनौती बन चुका है। एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं। एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें अब फिर से लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी। करीब तीन साल पहले भारत में जब पेगासस के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, तब खासा बवाल मचा था। सर्वोच्च न्यायालय में कई अपीलें दायर की गई थीं। यह साफ्टवेयर इजराइल की सरकार बेचती है और उसका कहना है कि वह इसे किसी स्वतंत्र व्यक्ति या कंपनी को नहीं बेचती, बल्कि सरकारों को देती है। इसलिए भी यह मामला ज्यादा गंभीर बन गया था। साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी। यह साफ्टवेयर दरअसल एक प्रकार का गुप्त भेदिया है, जो ग्राहक की नजरों से ओझल रह कर उसके फोन के जरिए उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता है। इस साफ्टवेयर को चुपके से किसी के भी फोन में डाला जा सकता है और फिर उस फोन के कैमरे, माइक वगैरह को अपने ढंग से संचालित किया जा सकता है। एप्पल के दावों को दरकिनार करना मुश्किल है। इस तरह सेंधमारी हो रही है, तो यह लोगों की निजता पर बड़ा आघात है। इस पर सरकार को गंभीरता से पहल करनी चाहिए।

# लंका टापू में स्थित शिव मंदिर में मूर्ति स्थापित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में लंका टापू में स्थित भोलेनाथ के मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य कलश यात्रा के साथ पंचम नवरात्रि में मूर्ति स्थापित की गई।शनिवार को ग्राम सभा तीलियापुर के गांव आनंद नगर में लंका टापू में स्थित भोलेनाथ मंदिर परिसर से 151 कलश के साथ कुमाऊनी पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित हुई। कलश यात्रा पूरे गांव भ्रमण के पश्चात कलश में पवित्र जल भरकर पुन: कलश को शिव मंदिर में स्थापित किया गया।ढोल एवम छोलिया नृत्य के साथ ग्रामीणों ने आनंद नगर में परिक्रमा के साथ मूर्तिया स्थापित की इससे पूर्व पंडित हरीश तिवारी ने पूर्ण विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व देवी देवताओं की मूर्तियो को कम से कम 5 नदियों के जल से स्नान कराया गया इसके पश्चात वस्त्र से मूर्ति को पोछकर देवी देवताओं के रंग अनुसार ने वस्त्र धारण कराए गये और दशमी के दिन विशाल भंडारा किया जाएगा इस मौके पर ईश्वर आर्य,अजय आर्य,प्रकाश आर्य,बिपिन आर्य,ख्याली राम आर्य, चंदर राम ,किशन राम,पुष्कर राम,मोहन राम,सोनू कुमार,पंकज आर्य,दीवान राम ,महेश आर्य,नवीन आर्य, राम किशोर, बिमला देवी ,कुसुम आर्य,पार्वती देवी, शोभा, तारा देवी, पूनम, मंजू, हिमानी, हेमा, जानकी, कमला देवी, चम्पा , कविता, तारा ,सुनीता, दीपा, सोनी, भवानी देवी ,कलावती देवी,आदि शामिल थे।





# मृतका के परिजनों ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट मैं श्रीति पत्नी रामपाल निवासी बाकराबाद थाना मिलक जिला रामपुर ने कहा है कि उसकी बेटी रीता की शादी करीब तीन चार साल पहले उमेश कुमार पुत्र वेद प्रकाश थाना बहेड़ी जिला बरेली से हुई थी। इन दोनो ने लव मैरिज की थी। कुछ समय तक सब ठीक-ठाक रहा। बाद में उसे यह जानकारी हुई कि उमेश उसकी बेटी पर शक करता था। इसी बात को लेकर उमेश रीता से अक्सर मारपीट करता रहता था। कुछ समय पहले उमेश द्वारा उससे जमीन खरीदने के नाम पर 40 हजार रुपए मांगे थे तथा बार बार पैसे की मांग कर रीता के साथ झगडा व मारपीट करता था। इसी बात को लेकर कई बार कहासुनी भी हुई थी। कुछ समय तक ये दोनो अलग भी रहे। बाद में उमेश रीता को लेकर रुद्रपुर आकर रहने लगा। उमेश शराब पीने का आदि था। जिस कारण इनका बेटा अपने दादा -दादी के पास रहता है। अचानक पता चला कि बेटी रीता की मौत हो गई है। जब रुद्रपुर पहुंचे तो देखा कि रीता का शव अस्पताल मे रखा है। श्रीति का आरोप है कि उमेश पैसे की मांग को लेकर शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी बेटी के साथ लडाई झगडा व मारपीट करता था । जिस कारण उसकी बेटी की मौत हुयी है। बेटी की मौत का जिम्मेदार उमेश ही है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दिया अजय भट्ट को समर्थन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट के समर्थन में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठन आगे आ रहे हैं। अब अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री व सांसद अजय भट्ट को समर्थन देने का ऐलान किया है। महासभा ने विभिन्न मानकों का बारीकी से आंकलन करने के बाद सांसद अजय भट्ट को समर्थन दिया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की दिल्ली कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद मीडिया को दिए ज्ञापन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा डॉ.राजा मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि महासभा के पदाधिकारियों ने देशभर में विभिन्न सांसदों के विकास कार्य, व्यवहार, पब्लिक कनेक्शन, प्राप्त पुरस्कार सहित कई मानकों पर आंकलन किया। आंकलन के आधार पर महासभा ने सांसद अजय भट्ट को योग्य पाया। इस आधार पर आगामी लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का फैसला किया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का गठन 1897 में किया गया, और ये भारत की पहली और सबसे पुरानी क्षत्रिय महासभा है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राजा मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांसद अजय भट्ट को बेस्ट सांसद होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से आगामी चुनाव में पुन: जीत का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी जीत हर बार की तरह देवतुल्य जनता की जीत होगी।

# चुनावी प्रचार को धार देने उतरी प्रियंका, कांग्रेस प्रत्याशियों में उत्साह







नैनीताल/अल्मोड़ा/हरिद्वार/देहरादून। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियों की तैयारियां जोरों पर हैं। कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी आज उत्तराखंड में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका उत्तराखंड में चुनावी प्रचार को धार देंगी। लोकसभा चुनाव अपने चरम पर हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वही बात अगर कांग्रेस पार्टी की जाए तो कांग्रेस पार्टी भी एक्टिव मोड में नजर आ रही है। कांग्रेस के बड़ी स्टार प्रचारक के तौर पर प्रियंका गांधी उत्तराखंड में पहली जनसभा करने जा रही हैं। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की ये पहली जनसभा होगी। भारतीय जनता पार्टी करीब एक दर्जन जनसभाएं कर चुकी है। लेकिन कांग्रेस संगठन का दावा है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ रैलियां और जनसभाएं उत्तराखंड में होगी।प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रियंका गांधी युवाओं की बात करती है महिलाओं की बात करती है और उत्तराखंड से प्रियंका गांधी का पुराना नाता रहा है प्रियंका गांधी की शिक्षा उत्तराखंड से ही हुई है। प्रियंका गांधी कांग्रेस की बड़ी स्टार प्रचारक के रूप में देखी जाती हैं जहां-जहां पर प्रियंका गांधी एक्टिव हुई है वहां कांग्रेस को मजबूती भी मिली है। कर्नाटक चुनाव की हो तेलंगाना चुनाव की हो या हिमाचल चुनाव की वहां वहां कांग्रेस को जीत हासिल हुई है। अब देखने वाली बात ये होगी कि प्रियंका गांधी का जादू उत्तराखंड में चल पाता है कि नहीं। भाजपा ने जहां कई दिन पहले से अपने स्टार प्रचारकों को समर में उतार रखा है, वहीं कांग्रेस का चुनाव प्रचार का जिम्मा पार्टी प्रत्याशियों के साथ पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह के कंधों पर है। अब जबकि प्रचार के लिए पांच दिन शेष रह गए हैं, पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा मैदान में उतर रही हैं। वह शनिवार को रामनगर और रुड़की में जनसभा करेंगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल गांधी और राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खरगे का इंतजार हो रहा है, लेकिन अभी तक दोनों दिग्गजों का कार्यक्रम तय नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड में चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोक दी है। नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाशी जोशी ने बेतालघाट में जनभा की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशपाल आर्य सहित कांग्रेस विधायक सुमित हृद्योश, विधायकपूर्व विधायक संजीव आर्य सहित कई नेताओं ने रोड शो कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अल्मोड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने जनपद चंपावत में स्थानीय कांग्रेसजनों के साथ कई क्षेत्रों में जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर लोगों से आगामी 19 अप्रैल को भारीसंख्या में मतदान करने की अपील की। वहीं चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जनसम्पर्क कर सत्ताधारी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ वोट कर सबक सिखाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए इंडिया गठबंधन दल पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लोगों ने लागू की गई अग्निवीर योजना, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, पेपरलीक आदि के खिलाफ नाराजगी जताते हुए इस बार भाजपा को सबक सिखाने का संकल्प लिया है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने हरिद्वार लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र रूड़की के मालदीप चौक आनंदम बैंकट हॉल में युवा न्याय सम्मेलन में प्रतिभाग किया और आने वाली 19 अप्रैल को हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी श्री वीरेंद्र रावत के पक्ष में वोट देने का आह्वान किया। वहीं टिहरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने भी क्षेत्र में जनसम्पर्क कर आगामी 19 अप्रैल को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील है। कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने राजपुर रोड क्षेत्र में घर घर पहुंचकर लोगों ने महंगाई, बेरोजगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ मतदान कर भाजपा को उखाड़ फेकने की अपील की।





# अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य शोभा यात्रा







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर आई ब्लॉक जी ट्रांजिट कैंप में आयोजित सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन से पूर्व आज प्रातः आयोजन स्थल से सैकड़ों महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो मंदिर से प्रस्थान कर अनेक मुख्य मार्गों होते हुए फुटबॉल मैदान पहुंची जहां महिलाओं ने कलश में पावन जल भरा और श्री राधा गोविंद मंदिर लौटी। जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापित किए गए। शोभा यात्रा में सिर पर कलश धारण कर महिलाएं हरि नाम के भजन गाते हुए चल रही थीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष परिमल राय ने बताया कि आज रात्रि 8 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जायेगी। कल 14 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 6 बजे से महानाम संकीर्तन का शुभारंभ किया जायेगा। जिसमें आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय ( वारासात, कोलकाता), भाई बुन बाउल संप्रदाय (छत्तीसगढ़), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (न्यूरिया, उप्र), राधे राधे संप्रदाय( मियांपुर, उप्र) व राधा कृष्ण संप्रदाय (दिनेशपुर) द्वारा 18 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को प्रातः 6 बजे महानाम संकीर्तन को विश्राम देने के पश्चात तुलसी परिक्रमा की जायेगी। शोभा यात्रा में आयोजन समिति के अध्यक्ष परिमल राय, उपाध्यक्ष सुबीर दास, शकर विश्वास, सचिव कृष्ण पद विश्वास, पिंटू राय, उप सचिव विजय साना, कोषाध्यक्ष केना मंडल, उप कोषाध्यक्ष विश्वजीत मंडल, संगरक्षक दिलीप अधिकारी, उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, चंद्र शेखर गांगुली, अजीत शाह, राजकुमार शाह, प्रभास स्वर्णकार, जपन राय चौधरी, सुमित राय, मोहन उपाध्याय, धीमान विश्वास, निर्मल मंडल, संजय राय, सुशांत मंडल, असीम मंडल, नरेश सरकार, केरू मण्डल, गौतम सिकदार, शुभम दास, बाबू सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, अमल राय, आलोक राय, मंगल मंडल, धीरज दास, पिन्टू गांगुली, अमलेन्दु ढाली, लोकन बाछाड़, दीपक राय, वासुदेव राय, मंगल सरदार, परिमल सरकार, रामपद विश्वास, अशोक घोष, सुरेश कुमार, सहदेव मिस्त्री, चित्तरंजन मजुमदार, बाधा चौधरी, प्रणय राय चौधरी, बॉबी दास, विक्की सरकार, असीम सरकार, माधव दत्ता, शुभंकर राय, मनोज राय, मोहन कुमार, सुख विश्वास, शिवा ढाली, कार्तिक सरकार, श्रीमती रानी बाला, नमिता राय, अनीता देवी, सुशीला देवी, अंजना, मौती बाला, शिशिर मण्डल आदि शामिल थे। शोभा यात्रा में इस्कान ग्रुप ग्राम परिक्रमा भजन करते हुये शोभा यात्रा में शामिल हुआ। कलश शोभा यात्रा के दौरान सारा वातावरण हरि नाम के भजनों से गुंजायमान होता रहा।

## भूत प्रेतों के साथ निकली भोले बाबा की बरात

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। सुरेंद्र नगर के बाबा तारक नाथ धाम से शिव पार्वती बारात की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें शिवभक्त सन्यासियों के साथ हजारों की संख्या में



लोग शामिल हुए। सुरेंद्र नगर के भगवान भोलेनाथ का मन्दिर बाबा तारकनाथ धाम में बाबा तारकनाथ की पांच दिवसीय पूजा महोत्सव चल रहा है। जिसमें भगवान शिव से जुड़े विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर से शिव पार्वती की भव्य झांकी सजाकर बैंड बाजों के साथ शिव बारात की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भूत प्रेत के वेशभूषा में सजे शिव भक्त भगवान शिव के बाराती बन कर नाचते गाते चल रहे थे। शिव बारात में अन्य देवी देवताओं की झांकियां सजाई गई । शिव बारात बाबा तारक नाथ धाम से सुरेंद्रनगर, शक्ति फार्म बाजार, सुभाष चौक टैगोर नगर होते हुए वापस मंदिर पहुंची । मंदिर में पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लीलावती विवाह के नाम से शिव पार्वती की विवाह अनुष्ठान का आयोजन किया गया। शनिवार को मंदिर परिसर में चड़क पूजा का आयोजन होगा। जिसमें पश्चिम बंगाल से आए सन्यासी बाबाओं द्वारा पूजा संपन्न कराया जाएगा।चड़क पूजा मे सम्मिलित होने उत्तराखंड प्रदेश के साथ साथ पीलीभीत, दिल्ली, कलकत्ता,उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्रों से श्रद्धालु भारी मात्रा मे पहुंचते है। इस मौके पर पूजा कमेटी केसुमित मंडल अध्यक्ष, परेश मंडल उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार सचिव, उज्जवल राय उपसचिव, अनंत हालदार मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, और राजीव मिरवर आय कोषाध्यक्ष, सुशांत राय, जगदीश मंडल और दिनेश राय व्याय कोषाध्यक्ष थे। इस दौरान ग्राम प्रधान राजा हालदार, रंजीत हालदार, संजीत विश्वास, मिथुन मंडल, विक्की बैरागी, विजय सिकदार, सुकुमार विश्वास, सपन हालदार, दीपक बड़ाल, उत्तम शील ,कानू सरकार आदि साहित ग्रामीण व सैकड़ो भक्त मौजूद थे।

## गुरु से मिलने पहुंची मौर्य एकेडमी की छात्राएं

गदरपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र में सेना और पुलिस से रिटायर्ड अधिकारियों द्वारा संचालित मौर्य एकेडमी इस क्षेत्र में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाली एकमात्र एकेडमी है यहां से प्रशिक्षण




प्राप्त कर छात्र- छात्राएं सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि एकेडमी की छात्रा राधा पुत्री चरन सिंह निवासी- ग्राम अहमदनगर कॉलोनी, खानपुर पश्चिम गदरपुर ,उधम सिंह नगर और संगम (संघमित्रा) पुत्री दया किशन, निवासी खटीमा उधम सिंह नगर (वर्तमान निवासी,आर्य नगर,गदरपुर,उधम सिंह नगर)उत्तराखंड का 2023 में एसएससी जीडी के माध्यम से भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) में चयन हुआ था और यह छात्राएं चंडीगढ़ में आईटीबीपी के पंचकूला हेड क्वार्टर में ट्रेनिंग कर रही है और आज ट्रेनिंग के बीच छुट्टी मिलने पर मौर्य एकेडमी में अपने गुरु से आशीर्वाद लेने पहुंची,एकेडमी डायरेक्टर आनंद कुमार ने राधा और संगम (संघमित्रा)को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की और इन छात्राओं ने भी एकेडमी में मिष्ठान वितरण कर एकेडमी के छात्र छात्राओं को अपने ट्रेनिंग के अनुभव मौर्य एकेडमी के छात्र-छात्राओं को शेयर किए।इस मौके पर एकेडमी का समस्त स्टाफ और एकेडमी के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**बार बार नहीं चलेगी ......**सैनिकों की बात कही। लेकिन वो ये बतायें कि सैनिकों की भलाई चाहते हैं तो अग्निवीर क्यों लेकर आये। हजारों युवा परिश्रम करते हैं सेना में जाने के लिए। उनके दिल में देश भक्ति की भावना होती है। लेकिन उन सब की भावनाओं को मोदी सरकार ने कुचलने का काम किया। नौजवानों की आशाओं को तोड़ने का काम किया है। इसी लिए कांग्रेस ने फैसला किया है कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना खत्म होगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी रोजगार की बात करते है, लेकिन दस सालों में रोजगार में कितना भ्रष्टाचार है जनता अच्छी तरह जानती है। वो कहते हैं सत्तर सालों में कांग्रेस ने कुछ नहीं किया, जो कुछ कांग्रेस ने सत्तर सालों में किया था उसे भी मोदी सरकार ने दस साल में बर्बाद कर दिया। मोदी रोजगार देने की बात कर रहे हैं तो पहाड़ के युवाओं को दिल्ली मुम्बई जैसे बड़े शहरों में नौकरी के लिए क्यों मजबूर होना पड़ रहा है। आज महंगाई इतनी है कि आम आदमी का घर चलाना मुश्किल हो गया है। पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। किसान खून पसीना बहा रहा है लेकिन उसे कुछ नहीं मिल पा रहा। हिमाचल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सारे कोल्ड स्टोर अडानी को बेच दिये गये हैं, जिनमें सेब को स्टोर करके मनमाने रेट पर बेचा जा रहा है और किसान को कुछ नहीं मिल रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि तीस लाख पद खाली है मोदी की सरकार में। कांग्रेस सरकार आते ही इन्हें भरा जायेगा। प्रियंका गाधी ने कहा कि चुनाव मुद्दों पर लड़ों। दस साल बीत गये हैं सब कुछ देख लिया है। अब जनता चाहती है कि मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाये। भाजपा महिला की सुरक्षा की बात करती है तो आखिर अंकिता भंडारी को न्याय क्यों नहीं मिला। अंकिता भंडारी के साथ क्या हुआ। मोदी जी बतायें जिन्होंने अंकिता के साथ अत्याचार किया उसकी हत्या की उसे कौन संरक्षण दे रहा है। मोदी जी से पूछिये कि हाथरस में महिला को जलाया गया था उन्हें किसने संरक्षण दिया। उन्नाव में मणिपुर में क्या हुआ। पूरी दुनिया जानती है। इन सभी को न्याय नहीं मिला। प्रधानमंत्री मोदी से पूछिये कि नारी शक्ति की जो आप बात करते हैं तो उसका मतलब क्या है। प्रियंका ने कहा कि किसानो के हित की बात मोदी करते हैं जब किसान आंदोलन कर रहा था तब मोदी कहां थे। कई किसान शहीद हो गये, एक बार भी किसानों के पास नहीं गये। मोदी सरकार ने जीएसटी लगाई है इसका सीधा नुकसान, छोटे व्यापारियों और किसानों को हो रहा है। कांग्रेस ने तय किया है कि एमएसपी को कानून बनायेंगे। साथही तय किया है कि खेती किसानी के लिए जो भी उत्पाद प्रयोग होते हैं उनसे जीएसटी समाप्त किया जायेगा। प्रियंका गांधी ने लोगों से कहा कि जाग जाओ, बदलाव नहीं लाओगे, सही नेता को नहीं पहचानोगे और सही तरह की राजनीति को जबरदस्ती नही लाओगे और बदलाव नहीं लाओगे तो भविष्य उज्जवल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बार-बार नहीं चलेगी मोदी सरकार, इस बार जनता की सरकार बननी चाहिए। इस बार बेरोजगार नौजवानों की सरकार बननी चाहिए। इस बार एक ऐसी सरकार बननी चाहिए जिसके लिए सर्वोपरि आप हैं, जनता के मुद्दे हैं। महंगाई कम करने का नीयत है। ऐसी सरकार चुनो कि आप गर्व से कह सकें ये मेरी सरकार है।

**कांग्रेस समस्या ,भाजपा...**की स्थापना की और मुगल शासकों से संघर्ष करते हुए उनके चार पुत्रों एवं माता गुजरी ने अपने प्राणों की बलि दी। उन्होंने कहा कि सिख समाज का इतिहास संघर्षों से भरा है। योगी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। वही इस देवभूमि ने कई संत महापुरूषों एवं राजनेताओं को भी जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत, पंडित नारायण दत्त तिवारी, हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे वरिष्ठ नेताओं ने राज्यों का प्रतिनिधित्व किया। श्री योगी ने कहा कि आज भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर इतिहास रचा है। कांग्रेस को पीड़ा हो रही है कि उत्तराखंड में यूसीसी क्यों लागू किया गया है। श्री योगी ने कहा कि समान नागरिकता कानून सभी नागरिकों के लिए लागू होना चाहिये। यह काम बहुत पहले ही लागू होना चाहिये था। उन्होंने कहा कि अयोध्या पर विवाद इन्होंने खड़ा किया था। जब कांग्रेस की सरकार थी तब सुप्रीम कोर्ट में राम के अस्तित्व को नकार दिया था। श्री योगी ने कहा कि अयोध्या आकर ऐसा लग रहा है जैसे त्रेता युग साक्षात आ गया है। काशी, वृदावन, प्रयाग राज हो या केदारनाथ धाम,बद्रीनाथ सभी सनातन धर्म के तीर्थो को संवारा जा रहा है। योगी ने कहा कि आज महिलाओं की सुरक्षा और उन्हे समृद्ध बनाने के लिए अनेक योजनायें शुरू की गई है। श्री योगी ने कहा कि आज संकट उन्ही के लिए बढ़ गया है जो महिलाओं,व्यापारियों और बेटियों के लिए खतरा है, उन्हे या तो जेल होगी या फिर जहन्नुम नसीब होगा। आज दस वर्षो में यूपी में कोई दंगा नही हुआ और न ही कर्फ्यू लगा। आज हर हर बम बम के जयघोष के साथ कावंड़िये निकलते हैं। आज हम सुरक्षा भी दे रहे है और समृद्धि भी ला रहे हैं। देश की आस्था को सम्मान देकर आस्था को बढ़ाने का काम हो रहा है। आज मोदी जी के नेतृत्व में सभी काम हो रहे है। उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यूपी और उत्तराखंड को कोई अलग नहीं कर सकता है। उतराखंड की नदियों का पानी यूपी के काम आता है । उन्होंने कहा कि यूपी से अपराधी अपराध करके उत्तराखंड भाग जाते थे लेकिन अब उन्हें इस लायक भी नहीं छोडूगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे उत्तराखण्ड का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भटट ने उत्तराखंड और देश के विकास के लिए अहम योगदान दिया है। केंद्र सरकार यूपी और उत्तराखंड के विकास के लिए हर सम्भव सहयोग देती है। रक्षा और सैन्य सामान की आपूर्ति के लिये भारत तेजी से आगे बढ़ कर आत्मनिर्भर बन रहा है। देश से हथियारों को अब विदेशों में निर्यात किया जा रहा है। श्री योगी ने पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की अपील करते हुए आगामी 19 अप्रैल को भारी संख्या में मतदान कर उत्तराखंड में पांचों सीटों पर कमल खिलाकर भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील की। जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक बंशीधर भगत,बलराज पासी जोगिंदर रौतेला, प्रदीप बिष्ट, राजेंद्र भंडारी,खिलेंद्र चौधरी,अनिल कपूर डब्बू, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सरिता आर्या, रेनू अधिकारी, प्रकाश रावत, बेला तोलिया, विनीत अग्रवाल, राम सिंह खेड़ा, साकेत अग्रवाल,मोहन बिष्ट, समीर आर्य, सचिन शाह,शशांक रावत तरूण बंसल आदि मौजूद रहे।


**चुनाव के चलते उत्तराखण्ड में.....**आयोग के निर्देश के बाद परिवहन निगम ने वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी बीच अब तमाम निजी वाहन संचालक सहित आम जनता भी संबंधित जिला अधिकारियों को पत्र भेज रहे हैं, जिसमें उन्होंने वाहनों का अधिग्रहण न करने की दुहाई दी है दरअसल 14 अप्रैल से शादियों का सीजन शुरू हो रहा है, जिसके लिए लोगों ने पहले से ही बुकिंग करा ली थी और परिवहन विभाग अब बुकिंग कराई गई गाड़ियों का अधिग्रहण कर रहा है, लिहाजा लोग इस अनुरोध में जिलाधिकारी को पत्र दे रहे हैं, कि उनके वाहनों की पहले ही शादियों में बुकिंग हो चुकी है इसलिए उनके वाहनों का अधिग्रहण न किया जाए।

**बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों..........**निवासी थाना बंडा जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश व सुल्तान सिंह पुत्र इंदर सिंह निवासी दडा फॉर्म थाना बिलासपुर जिला रामपुर दोनों 20000 रूपये के इनामी हैं। जिनके ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि सतनाम सिंह की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की टीम गठित की गई थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए सतनाम व सुल्तान लगातार फरार चल रहे थे । सुल्तान की गिरफ्तारी के लिए टीम दिल्ली, हरियाणा, पंजाब ,उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दे रही थी।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि तराई क्षेत्र में गुरुद्वारों व सिख समुदाय से जुड़े धार्मिक स्थलों पर वर्चस्व को लेकर लड़ाई चल रही थी। सुल्तान सिंह द्वारा कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या की साजिश रची गई थी। दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, प्रगट सिंह, हरविंदर सिंह व सतनाम सिंह को स्वतंत्र में शामिल करते हुए संयोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया था। इनका अभियुक्त अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू से सीधा संपर्क होना भी प्रकाश में आया है। षड्यंत्र कार्यों को इस हत्या के लिए जोड़ने के बाद शूटर को पैसा व अन्य संसाधन उपलब्ध कराने में भी अभियुक्त सुल्तान सिंह की मुख्य भूमिका रही है।

**ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर......**अपनी ही ट्रैक्टर ट्राली के नीचे कुचल कर पलक झपकते ही वह वह मौत के मुंह में चला गया। खनन क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य मजदूर तथा स्थानीय लोगों को जैसे ही इसका पता चला मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक दो भाई व तीन बहनों में सबसे छोटा था। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है।

**डिवाइडर से टकराकर पलटी बेकाबू........**राधेश्याम बिल्डिंग के ठीक सामने घटित हुआ। इस हादसे में काले रंग की एक तेज रफ्तार कर डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रात्रि घटित हादसे में बैटरी रिक्शा में सवार तीन लोग दुर्घटना की चपेट में आने से बाल बाल बच गए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों नू
बैसाखी पर्व दी
लख-लख बधाईयां
मैट्रोसिटी हॉस्पिटल
एण्ड रिसर्च सेन्टर
डा0 मनदीप सिंह
दमा एवं सांस रोग क्लीनिक
एलर्जी क्लीनिक
टी बी क्लीनिक
24 घंटे
Smoking Cessation Clinic
(तम्बाखू एवं धूम्रपान छुड़ाना)
Obstructive Sleep Aponea Clinic
(खर्राटे और दिन में नींद आना)
Nutrition Diet & Weight Loss Clinic
Dental Surgery Clinic
X-Ray Centre (24×7)
34/1 लेन 2, डॉक्टर्स कालोनी, सिविल लाईन, रुद्रपुर
HELPLINE NO.: 05944-240248, 9756456789, 9868003684


क्षेत्रवासियों नू
बैसाखी पर्व दी
लख-लख बधाईयां
Happy Baisakhi
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ समाजसेवी
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर


क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director


क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
ROYAL ENFIELD
स. गुरबीर सिंह बराड़
स. गुरचरन सिंह बराड़


क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी
लख-लख बधाईयां
GRAY MATTERS
Abroad Services & Training Center
IELTS
PTE
Contact No.: 9761597927,
9761625999, 9690839797
Amar Iqbal Singh
Managing Director
Radhe Tower, Kashipur Bypass Road, Opp. Suvidha Hotel
Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand


ੴ क्षेत्रवासियों
नू बैसाखी पर्व दी
लख-लख
बधाईयां
गुरनाम सिंह चावला
प्रबन्धक निदेशक
जी. आर. डी. इंटरनेशनल स्कूल
काशीपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिं.नगर)


क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर,
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-9/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


ੴ समस्त
क्षेत्रवासियों नू
बैसाखी पर्व दी
लख-लख
बधाईयां
गुरजीत सिंह
विर्क एग्री सीड्स कम्पनी
गोल मार्केट, रुद्रपुर फोन: 05944-244736, 241163


ੴ क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
Himgiri Agro Traders
A house of Quality Seeds, Sprayers & Pesticides.
Kuldeep Singh | Avjeet Singh (Avi)
9897043137
9997930000
Bhagat Singh Chowk Rudrapur-263153 (U.S. Nagar) U.K.


क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
SHUBH
INTERNATIONAL
EDUCATION CONSULTANCY
CANADA | NEW ZEALAND
AUSTRALIA | USA
G.S. Dhillon (Director)
+91-97198-14771
2nd Floor Ashirwad complex Kashipur Bypass Road Near Vaishno Dwar
Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand


समस्त क्षेत्रवासियों नू बैसाखी पर्व दी लख-लख बधाईयां
मोहन लाल खेड़ा
निर्वतमान पार्षद भूरारानी, रुद्रपुर
(उधमसिंहनगर) उततराखण्ड
HAPPY
Baisakhi